# बजरंगी मुझे भव से पार लगा दो | By Rajkumar Hulchal , Anjana Raj |

बालाजी बजरंगी मुझे भव से पार लगा दो
बीच भँवर में डोले नैया, उसको पार लगा दो
बालाजी बजरंगी मुझे भव से पार लगा दो

लगे सबका फेरा, द्वारा है सब द्वारों से न्यारा
जो डूबे भँवर सागर में, मिलता है उसे किनारा
भूत-प्रेत सब भाग जाएँगे, जयकारा लगा दो

बालाजी बजरंगी मुझे भव से पार लगा दो
बीच भँवर में डोले नैया, उसको पार लगा दो
बालाजी बजरंगी मुझे भव से पार लगा दो

तेरे धाम की महिमा बाला, जाने ये दुनिया सारी
मिट जाते हैं दुखड़े सारे, बन जाए जो तेरा भिखारी
द्वार बुला लो इन भक्तों को, बेड़ा पार लगा दो

बालाजी बजरंगी मुझे भव से पार लगा दो
बीच भँवर में डोले नैया, उसको पार लगा दो
बालाजी बजरंगी मुझे भव से पार लगा दो

बजरंगी है नाम तुम्हारा, देते हो सबको सहारा
जिसने तेरी महिमा गाई, मिलता है उसे किनारा
आस लिए आया हूँ दिल में, बिगड़ी मेरी बना दो

बालाजी बजरंगी मुझे भव से पार लगा दो
बीच भँवर में डोले नैया, उसको पार लगा दो
बालाजी बजरंगी मुझे भव से पार लगा दो

तेरा दर है सबसे आला, दुनिया में नाम निराला
झुकते हैं राजा भिखारी, भक्तों का तू रखवाला
सब लेते हैं नाम तुम्हारा, इच्छा पूरी करा दो

बालाजी बजरंगी मुझे भव से पार लगा दो
बीच भँवर में डोले नैया, उसको पार लगा दो
बालाजी बजरंगी मुझे भव से पार लगा दो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%9c%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a5%87-%e0%a4%ad%e0%a4%b5-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%aa%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%a6/